यामानाशी प्रान्त और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच शैक्षिक सहयोग को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

- *उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रान्त ने उच्च शिक्षा में सहयोग की संभावनाएँ तलाशीं*

लखनऊ, 12 फरवरी, 2025:

उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जापान के यामानाशी प्रान्त से आए जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत चर्चा की। लखनऊ में आयोजित बैठक में प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, श्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, श्रीमती रजनी तिवारी ने किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यामानाशी प्रान्त के माननीय उप-राज्यपाल, श्री कोऊ ओसाडा ने किया, उनके साथ यामानाशी प्रान्त सरकार के अंतर्राष्ट्रीय रणनीति प्रभाग के निदेशक श्री कोइची फुरुया (Koichi Furuya) और यामानाशी प्रान्त सरकार के सलाहकार श्री नीरेंद्र उपाध्याय भी थे।

इस बैठक में यामानाशी प्रान्त और उत्तर प्रदेश के बीच प्रमुख रूप से शैक्षिक संबंधों में सहयोग, अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और उत्तर प्रदेश में विश्व स्तरीय संस्थानों की स्थापना के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम, छात्रवृत्ति और अकादमिक भागीदारी भी शामिल थे।

श्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्थापना पर मिलने वाले प्रोत्साहन और अनुदान पर चर्चा की। उन्होने बताया कि प्रदेश में शिक्षा संबंधी अनुकूल माहौल और आधारभूत सुविधाए उपलब्ध हैं जो प्रदेश के मजबूत शैक्षिक इकोसिस्टम को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा, "हम यामानाशी प्रान्त के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रमों और शैक्षणिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे छात्रों को सीखने, बढ़ने और नवाचार करने के लिए एक समृद्ध वातावरण मिल सके।" श्री उपाध्याय ने आगे आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सुविधाओं और विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए कई प्रोत्साहनों के साथ एक अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के साथ हाल ही में हुई साझेदारी का संदर्भ दिया, जिसने नोएडा में एक परिसर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो राज्य के बढ़ते शैक्षणिक परिदृश्य का प्रमाण है।

जापानी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश और जापान के बीच सांस्कृतिक समानताओं पर भी जोर दिया, उन्होने कहा कि छात्र यामानाशी को अपने दूसरे घर की तरह पाएंगे। यामानाशी प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश के छात्रों को जापान द्वारा बीमा कवरेज देने पर भी चर्चा हुई।" मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए जापान की उन्नत तकनीक का लाभ उठाने के इच्छुक है।

जापानी प्रतिनिधिमंडल ने बैठक और आगे सहयोग के लिए उत्साह व्यक्त किया। उप राज्यपाल कोऊ ओसाडा ने कहा, "इस साल के अंत तक, एक बड़ा जापानी प्रतिनिधिमंडल जिसमें कई बड़ी कंपनियों के सीईओ और उच्च अधिकारी, प्रौद्योगिकी पर्यटन, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के अतिरिक्त अवसरों की तलाश के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा।"